समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बड़ी खबर ! पाकिस्तान 4.2 तीव्रता के भूकंप से हिला ; तनावपूर्ण सन्नाटे मे प्रंकृति का ‘झटका’ ।

Publisher Published on 05 May 2025




## 4.2 तीव्रता का भूकंप हल्की श्रेणी मे आंता है, जिससे आमतौर पर कोई खास नुकसान नहीं होता।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं और दोनों देशों की सीमा पर तनाव का माहौल है। इस बीच, जानकारी सामने आई है कि पाकिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया है। पाकिस्तान में भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भारत द्वारा लिए जा रहे निर्णयों के कारण जहां पाकिस्तान में तनावपूर्ण शांति है, वहीं अब प्रकृति ने भी पाकिस्तान को झटका दिया है।

4.2 तीव्रता का भूकंप हल्की श्रेणी में आता है, जिससे आमतौर पर कोई खास नुकसान नहीं होता। इसलिए, कुछ स्थानों पर मामूली झटके महसूस किए जा सकते हैं, लेकिन जान-माल की हानि की संभावना कम है। इस भूकंप के कारण अभी तक किसी प्रकार की क्षति या हताहत होने की कोई खबर नहीं है। इस बीच, इससे पहले 30 अप्रैल 2025 को 4.4 तीव्रता का भूकंप और 12 अप्रैल 2025 को 5.8 तीव्रता का भूकंप पाकिस्तान में आया था, जिससे कुछ स्थानों पर कंपन हुआ था।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.